CAREERINDIA

**SET – 2**

**Series : GBM/1**

**कोड नं.**
**Code No. 65/1/2**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **29** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **29** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गणित

# MATHEMATICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **100***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **100***

www.careerindia

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **29** प्रश्न हैं ।*

*(iii)* *खण्ड **अ** के प्रश्न **1 – 4** तक अति लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित है ।*

*(iv)* *खण्ड **ब** के प्रश्न **5 – 12** तक लघु-उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के लिए **2** अंक निर्धारित हैं ।*

*(v)* *खण्ड **स** के प्रश्न **13 – 23** तक दीर्घ-उत्तर **I** प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के लिए **4** अंक निर्धारित हैं ।*

*(vi)* *खण्ड **द** के प्रश्न **24 – 29** तक दीर्घ-उत्तर **II** प्रकार के प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के लिए **6** अंक निर्धारित हैं ।*

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *This question paper contains* ***29*** *questions.*

*(iii)* *Questions* ***1-4*** *in Section A are very short-answer type questions carrying* ***1*** *mark each.*

*(iv)* *Questions* ***5-12*** *in Section B are short-answer type questions carrying* ***2*** *marks each.*

*(v)* *Questions* ***13-23*** *in Section C are long-answer* ***I*** *type questions carrying* ***4*** *marks each.*

*(vi)* *Questions* ***24-29*** *in Section D are long-answer* ***II*** *type questions carrying* ***6*** *marks each.*

## खण्ड – अ
## SECTION – A

प्रश्न संख्या **1** से **4** तक प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।
Question numbers **1** to **4** carry **1** mark each.

1. यदि एक रेखा $x$ तथा y अक्षों की धनात्मक दिशा के साथ क्रमश: 90° तथा 60° के कोण बनाती है, तो ज्ञात कीजिए वह z-अक्ष की धनात्मक दिशा के साथ कितना कोण बनाती है ।

   If a line makes angles 90° and 60° respectively with the positive directions of $x$ and y axes, find the angle which it makes with the positive direction of z-axis.

2. मान ज्ञात कीजिए : $\int_2^3 3^x \, dx$

   Evaluate : $\int_2^3 3^x \, dx$.

3. यदि A, $3 \times 3$ का व्युत्क्रमणीय आव्यूह है, तो k का मान क्या होगा यदि $\det(A^{-1}) = (\det A)^k$ है ।

   If A is a $3 \times 3$ invertible matrix, then what will be the value of k if $\det(A^{-1}) = (\det A)^k$.

4. अचर ‘k’ का मान ज्ञात कीजिए ताकि फलन $f(x) = \begin{cases} \frac{kx}{|x|}, & \text{यदि } x < 0 \\ 3, & \text{यदि } x \geq 0 \end{cases}$ $x = 0$ पर संतत है ।

   Determine the value of the constant ‘k’ so that the function $f(x) = \begin{cases} \frac{kx}{|x|}, & \text{if } x < 0 \\ 3, & \text{if } x \geq 0 \end{cases}$ is continuous at $x = 0$.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

## खण्ड – ब
## SECTION – B

प्रश्न संख्या **5** से **12** तक प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है ।
Question numbers **5** to **12** carry **2** marks each.

5. सिद्ध कीजिए कि यदि E तथा F स्वतंत्र घटनाएँ है तो घटनाएँ E तथा F' भी स्वतंत्र घटनाएँ है ।
Prove that if E and F are independent events, then the events E and F' are also independent.

6. एक छोटी फर्म नैकलेस तथा ब्रेसलैट बनाती है । यह प्रतिदिन नैकलेस तथा ब्रेसलैट मिलाकर अधिक से अधिक 24 नग बना सकती है । एक ब्रेसलैट को बनाने में एक घंटा तथा एक नैकलेस बनाने में $\frac{1}{2}$ घंटा समय लगता है । एक दिन में अधिक से अधिक 16 घंटा समय उपलब्ध है । एक नैकलेस पर ₹ 100 लाभ तथा एक ब्रेसलैट पर ₹ 300 लाभ है । फर्म एक दिन में कितने-कितने प्रत्येक प्रकार के नग बनाए कि लाभ अधिकतम हो यह जानने के लिए इसे रैखिक प्रोग्रामन समस्या में बदलें । यह दिया है प्रत्येक का एक-एक नग अवश्य बने ।
A small firm manufactures necklaces and bracelets. The total number of necklaces and bracelets that it can handle per day is at most 24. It takes one hour to make a bracelet and half an hour to make a necklace. The maximum number of hours available per day is 16. If the profit on a necklace is ₹ 100 and that on a bracelet is ₹ 300. Formulate on L.P.P. for finding how many of each should be produced daily to maximize the profit ? It is being given that at least one of each must be produced.

7. ज्ञात कीजिए : $\int \frac{dx}{x^2 + 4x + 8}$

Find $\int \frac{dx}{x^2 + 4x + 8}$

8. दर्शाइए कि एक विषम सममित आव्यूह के विकर्ण के सभी अवयव शून्य हैं ।
Show that all the diagonal elements of a skew symmetric matrix are zero.

9. यदि $\sin^2 y + \cos xy = K$ के लिए $x = 1$, $y = \frac{\pi}{4}$ पर $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए ।

Find $\frac{dy}{dx}$ at $x = 1$, $y = \frac{\pi}{4}$ if $\sin^2 y + \cos xy = K$.

10. दर्शाइए कि फलन $f(x) = 4x^3 - 18x^2 + 27x - 7$ $\mathbb{R}$ पर सदैव वर्धमान है ।
Show that the function $f(x) = 4x^3 - 18x^2 + 27x - 7$ is always increasing on $\mathbb{R}$.

11. उस रेखा का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए जो बिंदु A(1, 2, –1) से होकर जाती है तथा रेखा $5x - 25 = 14 - 7y = 35z$ के समांतर है ।
Find the vector equation of the line passing through the point A(1, 2, –1) and parallel to the line $5x - 25 = 14 - 7y = 35z$.



www.careerindia.com

CAREERINDIA

12. वक्र $y = 5x - 2x^3$ के लिए यदि $x$, 2 इकाई/सै. की दर से बढ़ रहा है तो वक्र की प्रवणता के परिवर्तन की दर ज्ञात कीजिए जब $x = 3$ है ।

For the curve $y = 5x - 2x^3$, if $x$ increases at the rate of 2 units/sec, then find the rate of change of the slope of the curve when $x = 3$.

## खण्ड – स
## SECTION – C

प्रश्न संख्या **13** से **23** तक प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है ।

Question numbers **13** to **23** carry **4** marks each.

13. मान ज्ञात कीजिए : $\displaystyle\int_0^{\pi} \frac{x \sin x}{1 + \cos^2 x}\, dx$

**अथवा**

मान ज्ञात कीजिए : $\displaystyle\int_0^{3/2} |x \sin \pi x|\, dx$

Evaluate : $\displaystyle\int_0^{\pi} \frac{x \sin x}{1 + \cos^2 x}\, dx$

**OR**

Evaluate : $\displaystyle\int_0^{3/2} |x \sin \pi x|\, dx$

14. सिद्ध कीजिए कि अवकल समीकरण $(x^3 - 3xy^2)dx = (y^3 - 3x^2y)\, dy$ का सामान्य हल $x^2 - y^2 = c(x^2 + y^2)^2$ है जहाँ C एक प्राचल है ।

Prove that $x^2 - y^2 = c(x^2 + y^2)^2$ is the general solution of the differential equation $(x^3 - 3xy^2)dx = (y^3 - 3x^2y)\, dy$, where C is a parameter.

15. माना $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + \hat{k}$, $\vec{b} = \hat{i}$ तथा $\vec{c} = c_1\hat{i} + c_2\hat{j} + c_3\hat{k}$ है, तो

(a) माना $c_1 = 1$ तथा $c_2 = 2$ है, तो $c_3$ ज्ञात कीजिए जो $\vec{a}$, $\vec{b}$ तथा $\vec{c}$ को सहतलीय बनाएँ ।

(b) यदि $c_2 = -1$ तथा $c_3 = 1$ है तो दर्शाइए कि $c_1$ का कोई भी मान $\vec{a}$, $\vec{b}$ तथा $\vec{c}$ को सहतलीय नहीं बना सकता ।

Let $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + \hat{k}$, $\vec{b} = \hat{i}$ and $\vec{c} = c_1\hat{i} + c_2\hat{j} + c_3\hat{k}$, then

(a) Let $c_1 = 1$ and $c_2 = 2$, find $c_3$ which makes $\vec{a}$, $\vec{b}$ and $\vec{c}$ coplanar.

(b) If $c_2 = -1$ and $c_3 = 1$, show that no value of $c_1$ can make $\vec{a}$, $\vec{b}$ and $\vec{c}$ coplanar.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

16. प्राय: यह माना जाता है कि एक सत्यवादी मनुष्य समाज में अधिक आदर पाता है । एक व्यक्ति के विषय में ज्ञात है कि वह 5 बार में से 4 बार सत्य बोलता है । वह एक पासा फेंकता है तथा कहता हैं कि छ: आया है । प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि सचमुच में 6 आया है ।

क्या आप सहमत है कि सत्य कथन कहने वाला समाज में अधिक आदर पाता है ?

Often it is taken that a truthful person commands, more respect in the society. A man is known to speak the truth 4 out of 5 times. He throws a die and reports that it is a six. Find the probability that it is actually a six.

Do you also agree that the value of truthfulness leads to more respect in the society ?

17. सिद्ध कीजिए कि $\tan\left\{\frac{\pi}{4}+\frac{1}{2}\cos^{-1}\frac{a}{b}\right\}+\tan\left\{\frac{\pi}{4}-\frac{1}{2}\cos^{-1}\frac{a}{b}\right\}=\frac{2b}{a}$

Prove that $\tan\left\{\frac{\pi}{4}+\frac{1}{2}\cos^{-1}\frac{a}{b}\right\}+\tan\left\{\frac{\pi}{4}-\frac{1}{2}\cos^{-1}\frac{a}{b}\right\}=\frac{2b}{a}$

18. सारणिकों के गुणधर्मों का प्रयोग करके सिद्ध कीजिए कि $\begin{vmatrix} x & x+y & x+2y \\ x+2y & x & x+y \\ x+y & x+2y & x \end{vmatrix} = 9y^2(x+y)$.

**अथवा**

माना $A=\begin{pmatrix} 2 & -1 \\ 3 & 4 \end{pmatrix}, B=\begin{pmatrix} 5 & 2 \\ 7 & 4 \end{pmatrix}, C=\begin{pmatrix} 2 & 5 \\ 3 & 8 \end{pmatrix}$, एक आव्यूह D ज्ञात कीजिए कि CD – AB = O.

Using properties of determinants, prove that $\begin{vmatrix} x & x+y & x+2y \\ x+2y & x & x+y \\ x+y & x+2y & x \end{vmatrix} = 9y^2(x+y)$.

**OR**

Let $A=\begin{pmatrix} 2 & -1 \\ 3 & 4 \end{pmatrix}, B=\begin{pmatrix} 5 & 2 \\ 7 & 4 \end{pmatrix}, C=\begin{pmatrix} 2 & 5 \\ 3 & 8 \end{pmatrix}$, find a matrix D such that CD – AB = O.

19. फलन $(\sin x)^x + \sin^{-1}\sqrt{x}$ का $x$ के सापेक्ष, अवकलन कीजिए ।

**अथवा**

यदि $x^m y^n = (x+y)^{m+n}$ है, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{d^2y}{dx^2}=0$.

Differentiate the function $(\sin x)^x + \sin^{-1}\sqrt{x}$ with respect to $x$.

**OR**

If $x^m y^n = (x+y)^{m+n}$, prove that $\frac{d^2y}{dx^2}=0$.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

20. यादृच्छय चर X के मान केवल 0, 1, 2, 3 हो सकते हैं । दिया है कि P(2) = P(3) = p तथा P(0) = 2P(1) । यदि $\Sigma p_i x_i^2 = 2\Sigma p_i x_i$ है, तो p का मान ज्ञात कीजिए ।

The random variable X can take only the values 0, 1, 2, 3. Given that P(2) = P(3) = p and P(0) = 2P(1). If $\Sigma p_i x_i^2 = 2\Sigma p_i x_i$, find the value of p.

21. सदिशों के प्रयोग से एक त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसके शीर्ष A(1, 2, 3), B(2, –1, 4) तथा C(4, 5, –1) हैं ।

Using vectors find the area of triangle ABC with vertices A(1, 2, 3), B(2, –1, 4) and C(4, 5, –1).

22. निम्न रैखिक प्रोग्रामन समस्या को आलेख द्वारा हल कीजिए :

$Z = 4x + y$ का अधिकतमीकरण कीजिए :

निम्न व्यवरोधों के अंतर्गत: $x + y \leq 50$,

$3x + y \leq 90$,

$x \geq 10$

$x, y \geq 0$

Solve the following L.P.P. graphically

Maximise $Z = 4x + y$

Subject to following constraints $x + y \leq 50$,

$3x + y \leq 90$,

$x \geq 10$

$x, y \geq 0$

23. ज्ञात कीजिए : $\int \frac{2x}{(x^2 + 1)(x^4 + 4)} dx$

Find : $\int \frac{2x}{(x^2 + 1)(x^4 + 4)} dx$



www.careerindia.com

CAREERINDIA

## खण्ड – द

## SECTION – D

प्रश्न संख्या **24** से **29** तक प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है ।

Question numbers **24** to **29** carry **6** marks each.

24. समाकलनों के प्रयोग से उस त्रिभुज द्वारा घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसके शीर्ष (–2, 1), (0, 4) तथा (2, 3) हैं ।

**अथवा**

समाकलनों के प्रयोग से वृत्त $x^2 + y^2 = 16$ तथा रेखा $\sqrt{3}y = x$ द्वारा प्रथम चतुर्थांश में घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए ।

Using integration, find the area of region bounded by the triangle whose vertices are (–2, 1), (0, 4) and (2, 3).

**OR**

Find the area bounded by the circle $x^2 + y^2 = 16$ and the line $\sqrt{3}y = x$ in the first quadrant, using integration.

25. अवकल समीकरण $x\frac{dy}{dx} + y = x \cos x + \sin x$ का विशिष्ट हल ज्ञात कीजिए, दिया है कि जब $x = \frac{\pi}{2}$ है तो $y = 1$ है ।

Solve the differential equation $x\frac{dy}{dx} + y = x \cos x + \sin x$, given that $y = 1$ when $x = \frac{\pi}{2}$

26. उस समतल का समीकरण ज्ञात कीजिए जो समतलों $\vec{r} \cdot (2\hat{i} - 3\hat{j} + 4\hat{k}) = 1$ तथा $\vec{r} \cdot (\hat{i} - \hat{j}) + 4 = 0$ की प्रतिच्छेदन रेखा से होकर जाता है तथा समतल $\vec{r} \cdot (2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}) + 8 = 0$ पर लंबवत है । अत: ज्ञात कीजिए कि क्या उपरोक्त प्राप्त समतल में रेखा $x - 1 = 2y - 4 = 3z - 12$ अंतर्विष्ट है ।

**अथवा**

उस रेखा का कार्तीय तथा सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए जो बिंदु (1, 2, – 4) से होकर जाती है तथा रेखाओं $\frac{x-8}{3} = \frac{y+19}{-16} = \frac{z-10}{7}$ तथा $\frac{x-15}{3} = \frac{y-29}{8} = \frac{z-5}{-5}$ पर लंबवत है ।

Find the equation of the plane through the line of intersection of $\vec{r} \cdot (2\hat{i} - 3\hat{j} + 4\hat{k}) = 1$ and $\vec{r} \cdot (\hat{i} - \hat{j}) + 4 = 0$ and perpendicular to the plane $\vec{r} \cdot (2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}) + 8 = 0$. Hence find whether the plane thus obtained contains the line $x - 1 = 2y - 4 = 3z - 12$.

**OR**

Find the vector and Cartesian equations of a line passing through (1, 2, –4) and perpendicular to the two lines $\frac{x-8}{3} = \frac{y+19}{-16} = \frac{z-10}{7}$ and $\frac{x-15}{3} = \frac{y-29}{8} = \frac{z-5}{-5}$

www.careerindia.com

CAREERINDIA

27. फलन $f : \mathbb{R}_+ \rightarrow [-5, \infty)$, जो $f(x) = 9x^2 + 6x - 5$ द्वारा प्रदत्त है पर विचार कीजिए । दर्शाइए कि f व्युत्क्रमणीय है तथा $f^{-1}(y) = \left(\frac{\sqrt{y+6}-1}{3}\right)$

अत: ज्ञात कीजिए

(i) $f^{-1}(10)$

(ii) y यदि $f^{-1}(y) = \frac{4}{3}$,

जहाँ $\mathbb{R}_+$ सभी ऋणेत्तर वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है ।

**अथवा**

द्विआधारी संक्रिया * जो A = Q – {1} पर सभी a, b ∈ A के लिए नियम a * b = a – b + ab द्वारा परिभाषित है के क्रम विनिमेय तथा साहचारी होने पर चर्चा कीजिए । * का A में तत्समक अवयव ज्ञात कीजिए । अत: A के व्युत्क्रमणीय अवयव ज्ञात कीजिए ।

Consider $f : \mathbb{R}_+ \rightarrow [-5, \infty)$ given by $f(x) = 9x^2 + 6x - 5$. Show that f is invertible with $f^{-1}(y) = \left(\frac{\sqrt{y+6}-1}{3}\right)$.

Hence Find

(i) $f^{-1}(10)$

(ii) y if $f^{-1}(y) = \frac{4}{3}$,

where $\mathbb{R}_+$ is the set of all non-negative real numbers.

**OR**

Discuss the commutativity and associativity of binary operation '*' defined on A = Q – {1} by the rule a * b = a – b + ab for all a, b ∈ A. Also find the identity element of * in A and hence find the invertible elements of A.

28. एक धातु का बक्सा जिसका आधार वर्गाकार है तथा ऊर्ध्वाधर भुजाएँ हैं, का आयतन 1024 घन सेमी है । आधार तथा छत को बनाने के सामान पर खर्च ₹ 5 प्रति वर्ग सेमी तथा भुजाओं के सामान पर खर्च ₹ 2.50 प्रति वर्ग सेमी है । बक्से को बनाने का न्यूनतम खर्च ज्ञात कीजिए ।

A metal box with a square base and vertical sides is to contain 1024 $cm^3$. The material for the top and bottom costs ₹ 5 per $cm^2$ and the material for the sides costs ₹ 2.50 per $cm^2$. Find the least cost of the box.

29. यदि $A = \begin{pmatrix} 2 & 3 & 10 \\ 4 & -6 & 5 \\ 6 & 9 & -20 \end{pmatrix}$ है, तो $A^{-1}$ ज्ञात कीजिए ।

$A^{-1}$ के प्रयोग से समीकरण निकाय $\frac{2}{x} + \frac{3}{y} + \frac{10}{z} = 2;\ \frac{4}{x} - \frac{6}{y} + \frac{5}{z} = 5;\ \frac{6}{x} + \frac{9}{y} - \frac{20}{z} = -4$ को हल कीजिए ।

If $A = \begin{pmatrix} 2 & 3 & 10 \\ 4 & -6 & 5 \\ 6 & 9 & -20 \end{pmatrix}$, find $A^{-1}$. Using $A^{-1}$ solve the system of equations

$$\frac{2}{x} + \frac{3}{y} + \frac{10}{z} = 2;\ \frac{4}{x} - \frac{6}{y} + \frac{5}{z} = 5;\ \frac{6}{x} + \frac{9}{y} - \frac{20}{z} = -4$$

www.careerindia.com